एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस का हीरक जयन्ती समारोह

4163. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स ने अपने हीरक जयन्ती समारोह के अवसर पर अपने कर्मचारियों को नकद धनराशि वितरित की थी;

(ख) क्या दोनों एयरलाइन्स 25–30 वर्ष की सेवा करने के बाद कुछ ही दिन पहले सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों को भी कुछ मानदेय देने पर विचार कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

नागर विमानन विभाग, नेपाल द्वारा इंडियन एयरलाइंस को अनुदेश

4164. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काठमांडू में दो हवाई दुर्घटनाएं होने के बाद नेपाल के नागर विमानन विभाग ने इंडियन एयरलाइन्स को एक परिपत्र भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन दिशानिर्देशों की ओर इंडियन एयरलाइन्स द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने के क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां ।

(ख) परिपत्र में, काठमांडू के लिये प्रचालन करने हेतु कर्मीदल के लिये संशोधित प्रशिक्षण पद्धति और विशेष मार्ग जांच तथा पप्रोच और मार्गस्थ चार्टों की समीक्षा करने का सुझाव दिया गया है।

(ग) इंडियन एयरलाइन्स ने तदनुसार प्रशिक्षण पद्धति में सुधार कर लिया है और काठमांडू के लिए परिचालन करने वाले विमान-चालकों के लिए विशेष अर्हताएं और अनुभव निर्धारित किये हैं ।

इंडियन एयरलाइंस के पास बढ़ा चढ़ा कर चिकित्सा-बिलों का भेजा जाना

4165. **डा. बापू कालिदास** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंडियन एयर-लाइंस में कार्यरत चिकित्सक कर्मचारियों की साधारण चिकित्सा के मामलों को भी निजी तौर पर प्रेक्टिस करने वाले चिकित्सकों के पास भेज देते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ऐसे चिकित्सक इंडियन एयरलाइंस के पास बढ़ा चढ़ा कर बिल पेश करते हैं,

(ग) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान निजी चिकित्सकों द्वारा पेश किए गए बिलों के भुगतान संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इंडियन एयरलाइंस भविष्य में अपने कर्मचारियों को विशेष चिकित्सा के लिए सरकारी अस्पतालों में भेजने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?